# सरकार कराएगी व्यावसायिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपीजीआईएस) से पहले योगी सरकार देश भर के विद्यार्थियों और पेशेवर को 4 लाख रुपये के पुरस्कार जीतने का मौका देगी। इसके तहत 4-5 फरवरी को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में यूपी जीआईएस-23 हेडलाइनर बिजनेस क्विज (प्रश्नोत्तरी) का आयोजन होगा। इसके जरिये बड़ी संख्या में बच्चों और युवाओं को सरकार यूपी की विकास यात्रा में भागीदार बनाएगी।

कुशन पटेल के दिशा निर्देशन में आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता तीन अलग-अलग वर्गों में आयोजित की जाएगी। इन्वेस्ट यूपी की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में बिजनेस क्विज, इंडिया क्विज और इंडिया क्विज (स्कूल) की तीनों कैटेगरी के लिए अलग-अलग पुरस्कार राशि का निर्धारण किया गया है।

## इन्वेस्टर्स समिट से पहले 4-5 फरवरी को होंगी प्रतियोगिताएं

## कुल 4 लाख रुपये के रखे गए पुरस्कार

## रजिस्ट्रेशन के लिए क्यूआर कोड जारी

प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन के लिए गूगल फॉर्म को भरना होगा। इसके लिए सरकार ने यह क्यूआर कोड जारी किया है। इसे स्कैन करने पर प्रतियोगिता से जुड़ी सभी जानकारी और गूगल फॉर्म भी खुल जाएगा।